न्यायालय सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी / उपजिलाधिकारी (सदर) कानपुर नगर।

वाद सं0— / /2008–09

धारा— 143 जेड.ए.एल.आर. एक्ट
मौजा— बिठूर कला
परगना व तहसील जिला कानपुर नगर

श्री विमल कुमार दीक्षित **बनाम** **उ0प्र0 सरकार**

नकल- निर्णय- दि0- 01/10/08 (छायाप्रति)

विमल कुमार दीक्षित पुत्र स्व0 बाल गोविन्द दीक्षित नि0 सूबेदार नगर बिठूर कानपुर नगर ने उ0प्र0 सरकार आदि को पक्षकार बनाते हुए ग्राम बिठूर कला की खाता सं0 298 आ0सं0 481/0.358 हे0, व खाता सं0 307 आ0सं0 463/0.620 हे0 व खाता सं0 288 आ0सं0 478/0.187 हे0 को आवासीय/अकृषिक भूमि घोषित करने हेतु प्रार्थनापत्र अंतर्गत धारा— 143 जेड.ए.एल.आर.एक्ट दिनॉक 25–9–2008 प्रस्तुत की। आदेश पारित करके तहसीलदार से निर्धारित प्रारूप पर निरीक्षण आख्या प्राप्त की गयी।

तहसीलदार द्वारा निर्धारित प्रारूप पर आख्या दिनॉक 29–9–2008 प्रस्तुत की, जिसमें उल्लेख किया कि ग्राम बिठूर कला की खाता सं0 298 आ0सं0 481/0.358 हे0, व खाता सं0 307 आ0सं0 463/0.620 हे0 व खाता सं0 288 आ0सं0 478/0.187 हे0 पर कृषि कार्य नहीं हो रहा है तथा उस पर बाउण्ड्रीवाल निर्माणाधीन है, और न ही उसका उपयोग बागवानी, कुक्कुट पालन/मत्स्य पालन या किसी अन्य प्रयोग में आ रही है। आख्या में उक्त भूमि को यू0पी0जेड0ए0एल0आर0 एक्ट की धारा— 143 के अंतर्गत प्रख्यापन हेतु रिपोर्ट अग्रसारित की गयी है।

मैनें पत्रावली का विधिवत अवलोकन किया। प्रस्तुत तहसीलदार की आख्या एंव वादी के प्रार्थनापत्र तथा अभिलेखों से स्पष्ट है कि ग्राम बिठूर कला की खाता सं0 298 आ0सं0 481/0.358 हे0, व खाता सं0 307 आ0सं0 463/0.620 हे0 व खाता सं0 288 आ0सं0 478/0.187 हे0 भूमि पर कृषि कार्य नहीं हो रहा है, तथा भूमि पर बाउण्ड्रीवाल निर्माणाधीन हैं, और न ही उसका उपयोग बागवानी, कुक्कुट पालन/मत्स्य पालन या किसी अन्य प्रयोग में आ रही है। आख्या में उक्त भूमि को यू0पी0जेड0ए0एल0आर0 एक्ट की धारा— 143 के अंतर्गत प्रख्यापन हेतु रिपोर्ट अग्रसारित की गयी है।

आदेश

ग्राम बिठूर कला की खतौनी 1412–1417 फ0 के खाता सं0 298 आ0सं0 481/0.358 हे0 व खाता सं0 307 आ0सं0 463/0.620 हे0 व खाता सं0 288 आ0सं0 478/0.187 हे0 भूमि को उ0प्र0 जेड0ए0एल0आर0एक्ट की धारा— 143 के अंतर्गत आवासीय/अकृषिक भूमि घोषित किया जाता है। तहसीलदार की आख्या दिनॉक 29–9–2008 आदेश का अभिन्न अंग होगी। तदनुसार परवाना अमलदरामद जारी हो तथा एक प्रमाणित प्रति तहसीलदार एवं संबंधित उपनिबन्धक को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजी जाये। बाद आवश्यक कार्यवाही पत्रावली अभिलेखागार में अभिरक्षित हो।

(हस्ताक्षर) 1/10/08

(राजकुमार)
सहायक कलेक्टर प्रथम श्रेणी/
उपजिलाधिकारी (सदर)
कानपुर नगर।

प्रार्थना पत्र की क्रम संख्या ... 01
प्रार्थना पत्र ... दिनांक ... 04-10-08
... सत्यप्रकाश दीक्षित 250
नकल ... दिनांक 4-10-08
नकल देने का दिनांक ... 04-12-08
12-50

सत्य-प्रतिलिपि
(हस्ताक्षर) 04/10/08
उप जिलाधिकारी, कानपुर नगर

तैयार कर्ता
मिलान कर्ता